आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.08.2026 समय : 0645

<><><><><><><>

- अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज सुबह 7 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी नेताजी स्टेडियम में सुबह 9 बजकर 19 मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे।
- स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है।
- स्वतंत्रता दिवस समारोह की सुरक्षा के मद्देनजर लोगों से प्रतिबंधित सामान नहीं लाने की सलाह दी गई है।
- नई दिल्ली में आयोजित होने वाले '65वें सुब्रतो मुखर्जी कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट–2026' में 'बालिका अंडर–17 फुटबॉल टीम' द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व कर रही है।

<><><><><><><>

अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज सुबह 7 बजे से दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ध्वजारोहण और देश के नाम संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आज मुख्य समारोह श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा। द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी सुबह 9 बजकर 19 मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे। द्वीपों के तीनों जिलों में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर एक साथ ध्वजारोहण किया जाएगा। दूरदर्शन केन्द्र, श्री विजयपुरम नेताजी स्टेडियम से राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण सुबह आठ बजकर पचास मिनट से करेगा। इसके अलावा, आज रात आठ बजे और कल सुबह आठ बजे प्रधानमंत्री के संबोधन का पुनः प्रसारण होगा। आकाशवाणी, श्री विजयपुरम आज सुबह आठ बजकर पचास मिनट से द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी द्वारा नेताजी स्टेडियम से ध्वजारोहण और द्वीपवासियों के संबोधन का सीधा प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखते हुए आज यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है। वी आई पी और पासधारकों के वाहनों के लिए अलग–अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। उपराज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के वाहन सुबह साढ़े आठ बजे तक नेताजी स्टेडियम के अंदर पार्क करने होंगे। गुलाबी पासधारकों के वाहन सुबह आठ बजकर पन्द्रह मिनट तक अंडमान क्लब और स्पोर्ट्स हॉस्टल के सामने पार्किंग क्षेत्र में खड़े किए जाएंगे। पीले पासधारकों के वाहनों की पार्किंग मॉडल स्कूल, क्लॉक टॉवर और जिमखाना क्रॉसिंग होते हुए नेताजी स्टेडियम के मुख्य गेट के पश्चिमी हिस्से तथा स्विमिंग पूल के पास होगी। बिना पास वाले वाहन वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गर्ल्स स्कूल के पास पार्किंग में खड़े किए जाएंगे। अबरडीन बाजार से साउथ प्वाइंट जाने वाले वाहनों को मॉडल स्कूल क्रॉसिंग से बंगाली क्लब, गोलघर, सचिवालय जंक्शन, पुलिस लाइन और नयागांव होते हुए जाना होगा। वहीं, साउथ प्वाइंट से अबरडीन बाजार जाने वाले वाहन शादीपुर, नयागांव जंक्शन, पुलिस लाइन, आर बी वी, सचिवालय जंक्शन और गोलघर मार्ग का इस्तेमाल करना होगा।

<><><><><><><>

भारी वाहनों और बसों को 11 बजे तक सेलुलर जेल की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन्हें बंगाली क्लब से गोलघर और जंगलीघाट की ओर डायवर्ट किया जाएगा। समारोह स्थल की ओर वाई–नारायण जंक्शन, आर.के. मिशन, फायर ब्रिगेड जंक्शन और वाटर स्पोर्ट्स जंक्शन से सुबह साढ़े आठ बजे के बाद वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। जी.बी. पंत अस्पताल जाने वाले वाहनों को 11 बजे तक गांधी प्रतिमा, मरीन गेट, सिस्टी नगर, डिग्नाबाद सी–शोर रोड और खान जंक्शन होते हुए अस्पताल के निकास द्वार तक जाना होगा। आपातकालीन वाहनों के लिए वाई–नारायण जंक्शन से सेलुलर जेल होते हुए जी.बी. पंत अस्पताल का मार्ग सुबह साढ़े आठ से 11 बजे तक खुला रहेगा। परेड टुकड़ियों के वाहन जवानों को उतारने के बाद वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और गर्ल्स स्कूल की पार्किंग में खड़े रहेंगे और परेड समाप्त होने के बाद वाई–नारायण जंक्शन होते हुए लौटेंगे।

इस बीच, आज अबरडीन जेटी से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप और नॉर्थ बे जाने वाली निजी पर्यटक नौकाओं का संचालन जंगलीघाट जेटी से किया जाएगा।

<><><><><><><>

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीप वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा ये दिन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय साहस, त्याग और अटूट संकल्प की एक गौरवपूर्ण याद दिलाता है। उन्होंने कहा ऐतिहासिक सेलुलर जेल उन अनगिनत देशभक्तों की अदम्य भावना के एक स्थायी प्रतीक के रूप में खड़ी है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अमूल्य बलिदान दिए थे। उनकी विरासत हमें समर्पण, ईमानदारी और जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ देश की सेवा करने के लिए निरंतर प्रेरित करती है। इस अवसर पर उन्होंने द्वीपवासियों से राष्ट्र के लिए एक समृद्ध, सुरक्षित और समर्थ भविष्य के निर्माण का प्रयास करने की अपील की है।

द्वीपों के सांसद विष्णु पद रे ने भी इस अवसर पर द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने स्वतंत्रता, एकता और देशभक्ति की भावना को गर्व के साथ याद करते हुए, एक सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने तथा अपने द्वीपों एवं राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने की अपील की है।

<><><><><><><>

''स्वतंत्रता दिवस समारोह'' के सुचारू और सुरक्षित आयोजन के लिए प्रशासन ने समारोह स्थल पर आम लोगों और आमंत्रित अतिथियों से सुरक्षा संबंध निर्देशों का पालन करने की अपील की है। प्रशासन ने लोगों निमंत्रण पत्र पास रखने और सुरक्षा जाँच में सुविधा के लिए समय से पहले पहुँचने को कहा है। सुरक्षा को देखते हुए फूलों की माला, गुलदस्त, गिफ्ट पैकेट, पावर बैंक, लैपटॉप, सिगरेट, तंबाकू उत्पाद, लाइटर,माचिस, हैंडबैग सहित अन्य प्रतिबंधित सामान नहीं लाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में 18 से 27 अगस्त तक आयोजित होने वाले आगामी '65वें सुब्रतो मुखर्जी कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट–2026' में 'बालिका अंडर–17 फुटबॉल टीम' द्वीपों का प्रतिनिधित्व कर रही है। इस उपलक्ष्य में नेताजी स्टेडियम में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त पूर्वा गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने बालिका फुटबॉलरों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एबरडीन बाज़ार और जंगलीघाट में भारी भीड़ और खरीदारी की गतिविधियों को देखते हुए प्रशासन ने सभी दुकानदारों, विक्रेताओं, स्टॉल मालिकों और बाज़ार संघों से प्लास्टिक मुक्त बिक्री सुनिश्चित करने की अपील की है। दुकानदारों से प्रतिबंधित सामग्री का इस्तेमाल नहीं करने तथा कपड़े या जूट के थैले इस्तेमाल करने को कहा गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाया जाएगा। अस्थायी दुकाने और स्टॉल केवल निर्धारित स्थानों पर लगाने, आस पास के क्षेत्र में साफ सफाई रखने तथा कूड़ेदान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। प्रशासन ने सभी से आस पास स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार कमान की ओर से आज शाम पांच बजकर उनतालीस मिनट पर फ्लैग प्वाइंट के सामने खड़े भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और जहाजरानी सेवा निदेशालय के जहाजों द्वारा एक साथ रंग–बिरंगे फ्लेयर्स का प्रदर्शन किया जाएगा।

<><><><><><><>

'स्वतंत्रता दिवस समारोह' को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय बम्बूफ्लाट और इसके आसपास के यात्रियों की सुविधा के लिए फिनिक्स बे और बम्बूफ्लाट के बीच अतिरिक्त जलयान सेवाएं संचालित कर रहा है। यह सेवाएं आज शाम 6 बजे तक जारी रहेगी।

<><><><><><><>